# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 19.02.2026 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **विधानसभा में गूंजा जेपीएससी अभ्यर्थियों की उम्र सीमा का मुद्दा, कांग्रेस विधायक ने अपनी ही सरकार पर खड़े किए सवाल, संसदीय कार्य मंत्री ने न्याय का दिलाया भरोसा।**
2. **राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने पार्टी समर्थित उम्मीदवारों के समर्थन में झोंकी ताकत, झामुमो और कांग्रेस की चहलकदमी भी तेज।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर कई द्विपक्षीय बैठकें कीं, एआई के लोकतंत्रीकरण का किया आह्वान।**
4. **चतरा में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का हुआ भव्य आगाज, वाटर स्पोर्ट्स और पैराग्लाइडिंग होंगे मुख्य आकर्षण।**
5. **गुमला में आयोजित जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–23 क्रिकेट मैच में गढ़वा ने खूंटी को 8 विकेट से हराया, 4 विकेट लेने वाले विकास गर्ग चुने गये मैन ऑफ द मैच।**

******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई, जिसमें मंत्रियों ने जनहित के मुद्दों पर जवाब दिए। विधायक प्रदीप यादव ने जेपीएससी अभ्यर्थियों की उम्र सीमा में छूट का मुद्दा उठाया।
जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार सभी छात्रों को उम्र सीमा में राहत देने का प्रयास कर रही है।

******************

विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही 23 फरवरी को नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर स्थगित रहेगी। 23 फरवरी के निर्धारित विधायी कार्यों को अब 21 फरवरी को संपन्न किया जाएगा।

******************

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आज पलामू का दौरा किया और मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की और सरकार पर तीखे हमले किए।

******************

उधर हजारीबाग में भाजपा प्रवक्ता अविधेश सिंह ने मेयर प्रत्याशी सुदेश चंद्रवंशी के समर्थन में प्रेस वार्ता की। उन्होंने विकास, स्वच्छता और सुशासन को मुख्य चुनावी मुद्दा बताया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता पीएम मोदी के कार्यों के आधार पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को वोट देगी।

******************

गिरिडीह में निकाय चुनाव से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और मेयर प्रत्याशी नागेश्वर दास झामुमो में शामिल हो गए और झामुमो समर्थित प्रमिला मेहरा को समर्थन देने की घोषणा की। मंत्री सुदिव्य कुमार ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

******************

सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त योजनाओं पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य सरकारें रेवड़ियां बांटकर लोगों की आदतें खराब कर रही हैं। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि कर्ज में डूबे राज्यों को मुफ्त बिजली–साइकिल के बजाय रोजगार सृजन और आर्थिक विकास पर ध्यान देना चाहिए।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इससे पहले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है।

******************

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जमशेदपुर के 40 किसानों का जत्था 5 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए नोएडा रवाना हुआ। ये किसान मशरूम, पाइनएप्पल और शिमला मिर्च की हाई–टेक खेती सीखेंगे। उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान ने बताया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाना और उत्पादन में सुधार करना है।

*****************

रांची सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 22 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित पिस्का रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने राजधानी एक्सप्रेस और पुरुलिया–आनंद विहार ट्रेन के यहां ठहराव का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

*****************

चतरा में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य आगाज हो गया है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इसका उद्घाटन किया। इस वर्ष वाटर स्पोर्ट्स और पैराग्लाइडिंग मुख्य आकर्षण हैं।

*****************

राज्य में ठंड का असर अब काफी कम हो गया है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जमशेदपुर और मेदिनीनगर जैसे इलाकों में पारा 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

*****************

गुमला के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में आयोजित जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–23 क्रिकेट मैच में गढ़वा ने खूंटी को 8 विकेट से हरा दिया। खूंटी की टीम 155 रनों पर सिमट गई, जिसे गढ़वा ने 22वें ओवर में ही हासिल कर लिया। 4 विकेट लेने वाले विकास गर्ग मैन ऑफ द मैच चुने गए।

*****************